दिनांकः 30.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी लाभार्थियों को साढे चार सौ रुपये में मिलेगा एलपीजी गैस सिलेण्डर–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्त विधेयक पर चर्चा के जवाब में की कई घोषणाएं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ''विकसित भारत की ओर यात्रा'' नामक सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को करेंगे संबोधित।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने अंगदान के प्रति जागरूकता का सघन अभियान चलाने की आवश्यकता पर दिया जोर।
- श्रीलंका के खिलाफ तीन क्रिकेट मैचों की टी–20 सीरीज में बढ़त लेने के बाद आज भारतीय टीम क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

.................

प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी लाभार्थियों को साढे चार सौ रुपये में एलपीजी गैस सिलेण्डर मिलेगा। अब तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और बीपीएल श्रेणी के परिवारों को ही इसका लाभ मिल रहा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल विधानसभा में राजस्थान वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के प्रत्युत्तर के दौरान ये घोषणा की।
मुख्यमंत्री ने सरकार में गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की सिफारिशों को लागू करने, पुलिस, आरएसी, जेल प्रहरी, वन रक्षक में अग्निवीर युवाओं को नियुक्ति का प्रावधान, भरतपुर और बीकानेर में विकास प्राधिकरण सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के इस बजट के 10 संकल्पों से प्रदेशवासियों की खुशहाली के साथ विकसित राजस्थान का निर्माण किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि द्रव्यवती नदी के विकास के लिए नई योजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने 10 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बों और निकटवर्ती गांवों को शामिल करते हुए 100 कलस्टरों में चरणबद्ध रूप से फेकल स्लज मैनेजमेंट के कार्य करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पेयजल संबंधी 9 कार्यों के लिए 540 करोड़ रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए चार हजार एक सौ मेगावाट क्षमता की बिजली का सृजन किया जाएगा।
श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं की स्किलिंग और अप्रेंटिसशिप के लिए पीएम पेकेज के अंतर्गत प्रदेश के ढाई लाख से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि आरयूएचएस का उन्नयन करते हुए एम्स दिल्ली की तर्ज पर राजस्थान इंस्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने प्रदेश में राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति अधिनियम–2018 के अंतर्गत इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन करने की भी घोषणा की। श्रीगंगानगर और कोटा मेडिकल कॉलेज में कैंसर मरीजों के लिए लीनियर एक्सलरेटर मशीनें उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न चिकित्सा संस्थानों की स्थापना और क्रमोन्नयन की घोषणा भी की गई।

.................

राज्य विधानसभा में आज प्रश्नकाल में कुल 21 तारांकित प्रश्नों को सूचीबद्ध किया गया है। इसमें वित्त, कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, संसदीय कार्य, पशुपालन और डेयरी विभाग से संबंधित प्रश्न होंगे। वहीं अतारांकित प्रश्नों की सूची में 26 प्रश्न शामिल हैं।
ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत विधायक गोवर्धन, धोद में लोसल से वाया मोरडूंगा–शाहपुरा होते हुए रतनगढ़ हाईवे के निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के किसानों को मुआवजा नहीं दिये जाने के संबंध में सार्वजनिक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे। इसके अलावा हरिसिंह रावत, भीम के देवगढ़ थाना

क्षेत्र में देवनारायण मंदिर के पुजारी की हत्या के मामले की दोबारा जांच करने के संबंध में गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।
वहीं राजेन्द्र पारीक, राजमेस के अधीन संचालित मेडिकल कॉलेजों की फैकल्टीज द्वारा अनिश्चितकालीन सामुहिक अवकाश लेने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चिकित्सा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे। विधानसभा में प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा राजस्थान शहरी पेयजल, सीवरेज और आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड का 18वां और 19वां वार्षिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे। इसके अलावा चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर द्वारा प्रस्तुत राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार किया जाएगा।

.................

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आदेश जारी कर राजस्थान विधानसभा में रामकेश मीणा को उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। वहीं रफीक खान को कांग्रेस विधायक दल का मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है।

.................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में ''विकसित भारत की ओर यात्रा'' नामक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। ये सम्मेलन केन्द्रीय बजट 2024–25 के बाद आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई ने किया है। इसका उद्देश्य उद्योग की भूमिका और विकास के लिए सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के प्रति रूपरेखा प्रस्तुत करना है। इस सम्मेलन में उद्योग, सरकार, राजनयिक समुदाय और थिंकटैंक के एक हजार से अधिक भागीदार शामिल होंगे, जबकि देश और विदेश के बहुत से भागीदार विभिन्न सीआईआई केन्द्रों से वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुडेंगे।

.................

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और अन्वेषकों से ऐसे अभिनव और लीक से हटकर विचारों को सामने लाने का आह्वान किया है, जो संसाधनों के सावधानीपूर्वक और विचारशील उपयोग के लिए प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। कल, उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विचारों और नवाचारों को ऑनलाइन आमंत्रित करने के लिए आईआईटी, दिल्ली में आइडियाज फॉर लाइफ की शुरूआत करते हुए श्री यादव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को मिशन लाइफ की वैश्विक पहल में अपने अभिनव विचारों का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना है।

.................

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि भारत में हर साल लगभग 5 लाख लोग अंग प्रत्यारोपण नहीं होने से अपनी जांन गंवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता और अंग उपलब्ध होने की संख्या के बीच अभी भी बहुत बड़ा अंतर है। इसके मद्देनजर अंगदान के प्रति जागरूकता का सघन अभियान चलाना जरूरी है। राज्यपाल कल बीकानेर के रवींद्र रंगमंच पर आयोजित अंगदान और प्रत्यारोपण जागरूकता संवाद तथा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने अंगदान कर दूसरों को नया जीवन देने वाली महान विभूतियों को नमन किया।

.................

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ आज जयपुर के राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी–आर–कैट में बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट सहायता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा।

.................

बीकानेर के लूणखां गांव के पास 45 वाली पूली में कल एक घर की दीवार ढहने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। दो दिन पहले हुई बारिश से दीवार गीली थी और ये लोग दीवार के सहारे बैठे हुए थे।

.................

श्रीलंका के खिलाफ तीन क्रिकेट मैचों की टी–20 सीरीज में दो मैचों की बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम आज तीसरा और आखिरी मैच खेलेगी। यह मैच श्रीलंका के पल्लकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

में शाम सात बजे से होगा। भारत का लक्ष्य अब अंतिम मैच जीतकर 3–0 से जीत हासिल करके क्लीन स्वीप करना है।

..................